**खबर संक्षेप**

### विवेकानंद कॉलेज में गूंजा राष्ट्रवाद



**शहडोल।** गणतंत्र के महापर्व पर विवेकानंद पैरामेडिकल कॉलेज में देशभक्ति का सैलाब उमड़ पड़ा। 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर संस्थान के संचालक विजय गुप्ता ने आन-बान-शान के साथ ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी। कार्यक्रम में कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. हरीश गुप्ता ने विद्यार्थियों को भारतीय संविधान की शक्ति और नागरिक कर्तव्यों का पाठ पढ़ाया। सांस्कृतिक प्रतिस्पर्धाओं में छात्रों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया, जिसमें ऋचा सेन ने प्रथम स्थान झटककर महफिल लूट ली। वहीं सरस्वती, गायत्री व अनुपमा द्वितीय और डीएमएलटी/बीएमएलटी समूह तृतीय स्थान पर रहे। इस गरिमामयी समारोह में राज किशोर दुबे, मनीष गुप्ता और डॉ. नम्रता पटेल समेत समस्त स्टाफ ने सहभागिता कर युवाओं में राष्ट्र सेवा का जोश भरा।

### पुलिस से बदसलूकी करने वाला सलाखों के पीछे

**शहडोल।** वर्दी का रौब और कानून का खौफ क्या होता है, यह देवलोंद पुलिस ने शनिवार को सरेआम गुंडागर्दी करने वाले एक सिरफिरे को अहसास करा दिया। बाणसागर अस्पताल चौराहे पर ऑन-ड्यूटी पुलिस अधिकारी के साथ अभद्रता, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी सुनील सोनी को पुलिस ने दबोचकर जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया है। वारदात 25 जनवरी की शाम की है, जब सउनि महेश झा साप्ताहिक बाजार में सुरक्षा व्यवस्था और अपराधों की विवेचना में तैनात थे। अस्पताल चौराहे के पास दो पक्षों में दुकान को लेकर विवाद हो रहा था, जिसे पुलिस शांत करा रही थी। इसी बीच सुनील सोनी 38 वर्ष ने बीच में कूदकर न केवल शासकीय कार्य में बाधा डाली, बल्कि ड्यूटी पर तैनात अधिकारी के साथ बेहद घिनौनी भाषा का प्रयोग किया। आरोपी ने पुलिस को सरेआम धमकाते हुए वर्दी का अपमान किया।

### छात्रा से छेड़छाड़ के बाद खूनी खेल, कब जागेगा प्रशासन

# शहडोल के जिम बने अय्याशी और गुंडागर्दी के अड्डे









**शहडोल। शहर के तथाकथित हाई-फाई जिम अब कसरत के केंद्र नहीं, बल्कि शोहदों और अपराधियों की शरणस्थली बन चुके हैं। पंडित एस.एन. शुक्ला विश्वविद्यालय की एक छात्रा के साथ जिम के भीतर हुई छेड़छाड़ और मारपीट ने जिले की कानून व्यवस्था को नग्न कर दिया है। जीतू सिंह सलूजा, किशन सलूजा और आशीष लाल जैसे रसूखदारों ने न केवल छात्रा के साथ अश्लील हरकतें कीं, बल्कि विरोध करने पर उसे और उसके दोस्त को लोहे की रॉड और प्लेटों से लहूलुहान कर दिया।**

#### सिर्फ मारपीट की एफआईआर क्यों

पीड़िता ने बताया कि उसे महीनों से जिम में मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। उस पर गंदे कमेंट्स किए गए और उसे गलत तरीके से छूने की कोशिश की गई। हैरानी की बात यह है कि पुलिस ने इस संगीन मामले में केवल मारपीट की धाराओं में खानापूर्ति कर दी। सवाल यह है कि छेड़छाड़ की गंभीर शिकायत के बावजूद इन लोगों का शहर में जुलूस क्यों नहीं निकाला गया, क्या पुलिस इन अपराधियों के रसूख के आगे नतमस्तक है।

#### जिम मालिकों की मनमानी

शहर में संचालित अधिकतर जिम केवल पैसा कमाने की मशीन बन गए हैं। यहां न तो सीसीटीवी कैमरों की पुख्ता निगरानी है और न ही युवतियों की सुरक्षा के लिए कोई महिला गार्ड। अधिकतर जिम मालिक खुद नदारद रहते हैं और पूरी व्यवस्था कम उम्र के लडक़ों के भरोसे छोड़ दी गई है। आखिर इस पूरे घटनाक्रम में जिम मालिक पर कार्रवाई क्यों नहीं हुई, क्या वह इस अपराध का मूक भागीदार नहीं है?

#### अब आर-पार की जांच जरूरी

प्रशासन को चाहिए कि शहर के सभी संचालित जिमों की औचक जांच हो। क्या ये जिम मानकों के अनुरूप चल रहे हैं, क्या वहां आने वाली महिलाओं के लिए सुरक्षित वातावरण है। अकेली छात्रा की अस्मिता पर हमला हुआ और प्रशासन जांच का इंतज़ार कर रहा है। अगर आज इन गुंडों पर बुल्डोजर और कानून का हंटर नहीं चला, तो शहर की कोई भी बेटी सुरक्षित नहीं रहेगी। छात्रा ने अपनी जान और अस्मिता के खतरे की गुहार लगाई है। अब देखना यह है कि शहडोल पुलिस केवल फाइलें भरती है या इन अपराधियों को सबक सिखाकर जनता का विश्वास बहाल करती है।

# कुल्हाड़ी से जान लेने वाले कातिल को उम्रकैद

#### अदालत ने अपराधी को दिखाया कानून का खौफ

**बुढ़ार। इंसाफ की चौखट पर एक बार फिर यह साबित हो गया कि गुनाह कितना भी शातिराना क्यों न हो, कानून के लंबे हाथों से बच नहीं सकता। बुढ़ार थाना क्षेत्र के ग्राम खैरी में एक महिला की कुल्हाड़ी मारकर नृशंस हत्या करने वाले आरोपी बीरबल सिंह को माननीय अपर सत्र न्यायाधीश (बुढ़ार) ने आजीवन कारावास की सख्त सजा सुनाई है। जघन्य और सनसनीखेज करार दिए गए इस मामले में अदालत ने हत्यारे पर अर्थदंड भी लगाया है।**

#### रची गई थी मौत की साजिश

वारदात 8 नवंबर 2023 की है, जब पूरा गांव एक सामाजिक कार्यक्रम में जुटा था। इसी बीच पुरानी रंजिश की आग में जल रहे आरोपी बीरबल सिंह ने कोदिया बाई को ठिकाने लगाने का मन बना लिया। वह कंधे पर कुल्हाड़ी रखकर शिकार की तलाश में निकला और ग्रामीणों से पूछता रहा कि बेटवा आया है कि नहीं? जब उसे मौका मिला, तो वह घर के पिछले रास्ते से काल बनकर अंदर दाखिल हुआ। कोदिया बाई की चीखें सुनकर जब सरपंच और अन्य ग्रामीण घर की ओर दौड़े, तो हत्यारा बीरबल मौके से फरार होता दिखाई दिया। अंदर का नजारा खौफनाक था, बिस्तर पर खून से लथपथ कोदिया बाई का शव पड़ा था, जिसके सिर पर कुल्हाड़ी के गहरे और जानलेवा घाव थे। रंजिश ने एक हंसते-खेलते परिवार की खुशियां छीन ली थीं।

#### 20 गवाहों ने हिला दी हत्यारे की नींव

इस सनसनीखेज केस में सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी कुबेन्द्र शाह ठाकुर ने अभियोजन का पक्ष पूरी मजबूती से रखा। पुलिस की ठोस विवेचना और अदालत में पेश किए गए 20 अहम गवाहों के बयानों ने आरोपी के बचने के सारे रास्ते बंद कर दिए। माननीय न्यायालय ने भादवि की धारा 302 में आजीवन कारावास व 5000 रुपये अर्थदंड और धारा 450 में 3 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। इस फैसले के बाद क्षेत्र के अपराधियों में हडक़ंप है और पीड़ित पक्ष ने न्याय मिलने पर संतोष जताया है। जिला मीडिया प्रभारी राकेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि अभियोजन की त्वरित और प्रभावी पैरवी के चलते ही आज अपराधी सलाखों के पीछे अपने किए की सजा भुगत रहा है।

# सचिव गणेश सिंह ने रचा नया कीर्तिमान

**शहडोल।** कर्तव्यनिष्ठा जब जुनून बन जाए, तो सफलता की इबारत खुद-ब-खुद लिखी जाती है। जनपद पंचायत गोहपारू के ग्राम पंचायत लफदा में पदस्थ सचिव गणेश सिंह ने अपनी कार्यशैली से जिले के प्रशासनिक गलियारे में हलचल मचा दी है। गणतंत्र दिवस के गरिमामयी मंच पर उन्हें एक बार फिर जिला स्तरीय सम्मान से नवाजा गया। हैरान करने वाली बात यह है कि महज़ तीन महीने के भीतर गणेश सिंह ने दूसरी बार यह कीर्तिमान स्थापित कर जिले के तमाम कर्मचारियों के सामने एक बेंचमार्क सेट कर दिया है।

#### एसआईआर में किया क्लीन स्वीप

गणेश सिंह के पास लफदा और भर्री जैसे अहम पंचायतों के साथ गुर्रा में बीएलओ की भी कमान है। लोकतंत्र के सबसे जटिल और चुनौतीपूर्ण कार्य एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) को उन्होंने न केवल समय से पहले पूरा किया, बल्कि 100 प्रतिशत डिजिटलाइजेशन और मैपिंग में जिले में प्रथम स्थान हासिल कर अपनी प्रशासनिक दक्षता का लोहा मनवाया। मुख्य समारोह में कलेक्टर, एसपी और जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में जब



गणेश सिंह को प्रशस्ति पत्र सौंपा गया, तो पूरा गांधी स्टेडियम तालियों की गडग़ड़ाहट से गूंज उठा। इस दोहरी सफलता का श्रेय उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन को दिया है। गोहपारू क्षेत्र का हर निवासी और सहकर्मी उनके इस डबल धमाका सम्मान पर गौरवान्वित है।

# छात्रों को आंदोलनकारी बनाने वाले प्रभारी प्राचार्य निलंबित

**उमरिया। शिक्षा के मंदिर को राजनीति और आंदोलन का अखाड़ा बनाने की कोशिश करने वाले प्रभारी प्राचार्य पर प्रशासन का डंडा चल गया है। मानपुर विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पड़वार के प्रभारी प्राचार्य राघवेन्द्र शरण गौतम को कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। प्राचार्य पर आरोप है कि उन्होंने पद की गरिमा को ताक पर रखकर मासूम छात्रों को स्कूल से निकालकर सडक़ पर चल रहे आंदोलन की आग में झोंक दिया।**

#### योजनाबद्ध तरीके से छात्रों को बनाया हथियार

मामला ग्राम पड़वार में पुल निर्माण को लेकर ग्रामीणों द्वारा किए जा रहे आंदोलन से जुड़ा है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो ने इस काले सच को उजागर किया कि कैसे प्रभारी प्राचार्य की मौन सहमति और योजना के तहत स्कूली छात्र-छात्राएं और अतिथि शिक्षक शाला समय में पढ़ाई छोडक़र आंदोलन स्थल पर डटे रहे। बीईओ मानपुर और संकुल प्राचार्य की जांच कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट किया कि प्राचार्य गौतम ने न केवल छात्रों को बाहर जाने दिया, बल्कि पूरे स्टाफ को भी नियम विरुद्ध तरीके से वहां तैनात रहने की खुली छूट दी।

#### नोटिस को दिखाया ठेंगा, मनमानी पड़ी भारी

अनुशासनहीनता की हद तो तब हो गई जब जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण मांगे जाने पर भी प्राचार्य ने कोई जवाब देना उचित नहीं समझा। इस अहंकारी रवैये और कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही को कलेक्टर ने कदाचरण की श्रेणी में माना। शिक्षण संस्थान ज्ञान के लिए हैं, सियासी आंदोलनों के लिए नहीं। प्राचार्य का अपने स्टाफ और छात्रों पर कोई नियंत्रण नहीं था, जो एक गंभीर प्रशासनिक विफलता है। यह सख्त संदेश कलेक्टर की इस कार्रवाई से साफ झलक रहा है।

#### मुख्यालय बदला, भत्ता कटेगा

निलंबन की अवधि में राघवेंद्र शरण गौतम का मुख्यालय जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय उमरिया नियत किया गया है। उन्हें केवल नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता ही मिलेगा। इस कार्रवाई से जिले के शिक्षा विभाग में हडक़ंप मच गया है। यह उन तमाम लापरवाह अधिकारियों के लिए चेतावनी है जो सरकारी कुर्सी पर बैठकर नियमों की धज्जियां उड़ाने को अपना अधिकार समझते हैं।

# मेगा कॉन्ट्रेक्ट से उजड़ेंगे सैकड़ों परिवार



#### बिरसिंहपुर पाली में स्थानीय ठेकेदारों का हल्लाबोल

**बिरसिंहपुर पाली। संजय गांधी ताप विद्युत गृह के गलियारों में इन दिनों भारी आक्रोश की चिंगारी सुलग रही है। मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी द्वारा थोपी जा रही मेगा कॉन्ट्रेक्ट नीति के खिलाफ स्थानीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम श्रेणी के ठेकेदारों ने बगावत का झंडा बुलंद कर दिया है। कांट्रेक्टर एसोसिएशन के बैनर तले आज सैकड़ों ठेकेदारों ने मुख्य अभियंता को ज्ञापन सौंपकर दो टूक चेतावनी दी कि यदि बड़े पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने वाली यह नीति वापस नहीं हुई, तो वे चुप नहीं बैठेंगे।**

#### आत्मनिर्भर भारत का गला घोंट रहा जबलपुर मुख्यालय

आक्रोशित ठेकेदारों ने सीधा हमला बोलते हुए कहा कि एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मेक इन इंडिया और कौशल भारत का नारा देकर स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा दे रहे हैं, वहीं दूसरी ओर जबलपुर मुख्यालय में बैठे आलाधिकारी मेगा कॉन्ट्रैक्ट के नाम पर स्थानीय उद्यमियों की कमर तोडऩे पर आमादा हैं। 72 से अधिक एमएसएमई इकाइयों के प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि छोटे-छोटे कार्यों को जोडक़र एक विशाल निविदा बनाना, स्थानीय ठेकेदारों को जानबूझकर प्रक्रिया से बाहर करने की एक सोची-समझी साजिश है।

#### 30 साल की वफादारी का मिला यह सिला

एसोसिएशन के अध्यक्ष लाल बहादुर सिंह ने भारी मन से बताया कि जब यह परियोजना शुरू हुई थी, तब से स्थानीय ठेकेदार अपनी मेहनत और खून-पसीने से इसे सींच रहे हैं। 30 वर्षों से छोटे-बड़े कार्यों के जरिए सैकड़ों श्रमिकों का चूल्हा जल रहा था, लेकिन नई नीति के कारण अकेले कोल हैंडलिंग प्लांट में 20 से अधिक ठेकेदार सडक़ पर आ गए हैं। अब अन्य इकाइयों में भी यही कुचक्र रचा जा रहा है, जिससे सैकड़ों परिवारों के सामने भुखमरी और पलायन का संकट खड़ा हो गया है।

#### 7 दिन का अल्टीमेटम

मुख्य अभियंता (उत्पादन) हरि कृष्ण त्रिपाठी को ज्ञापन सौंपते समय ठेकेदारों का गुस्सा चरम पर था। उनकी प्रमुख मांगें स्पष्ट हैं, जिसमें मेगा कॉन्ट्रेक्ट नीति पर तत्काल रोक लगाई जाए। पूर्व की भांति पृथक लघु निविदा प्रणाली को बहाल किया जाए। स्थानीय उद्यमियों को दरकिनार करने के निर्णयों की उच्चस्तरीय निष्पक्ष जांच हो। ठेकेदारों ने स्पष्ट कर दिया है कि यदि 7 दिनों के भीतर प्रबंधन ने अपने तुगलकी फरमान वापस नहीं लिए, तो वे सामूहिक हड़ताल, रैली और भूख-हड़ताल जैसा उग्र रास्ता अपनाएंगे। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रबंधन की होगी।

#### इनका कहना है...

संगठन द्वारा ज्ञापन दिया गया है, हमारे द्वारा उसे मुख्यालय अग्रेषित कर दिया जाएगा, वहां से जैसे दिशा निर्देश प्राप्त होंगे, वैसे कार्यवाही की जाएगी।

**हरिकृष्ण त्रिपाठी**
**मुख्य अभियंता उत्पादन, सं.गां.ता.वि.गृह**

मंडल द्वारा जो निर्णय लिए जा रहे हैं, उसका पूर्ण लाभ बड़े पूंजीपतियों को होगा, स्थानीय छोटे ठेकदारों के रोजगार पर संकट उत्पन्न है, हम प्रबंधन से मांग करते हैं कि स्थानीय ठेकेदारों का ध्यान रखते हुए व्यवस्था की जाए, जिससे किसी को समस्या का सामना न करना पड़े।

**लाल बहादुर सिंह अध्यक्ष**
**कांट्रेक्टर एसोसिएशन, सं.गां.ता.वि.गृह**

स्थानीय ठेकेदारों द्वारा मेगा कान्ट्रेक्ट नीति के विरोध में ज्ञापन सौंपा गया है, जिसका हम पूर्ण समर्थन करते है, अगर कम्पनी के उच्च प्रबंधन द्वारा संगठन द्वारा दिए गए सात दिवस के अंदर कोई निर्णय नहीं होता है, तो कांग्रेस कंधे से कंधा मिलाकर इस लड़ाई को लड़ेगी और उग्र प्रदर्शन किया जाएगा।

**रवि मिश्रा अध्यक्ष**
**ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, पाली**

मेगा कान्ट्रैक्ट नीति से एमएसएमई के तहत कार्य कर रहे ठेकदार कार्य से बाहर हो जाएंगे , जिससे आने वाले समय में गंभीर रोजगार के संकट उत्पन्न होंगे, जिसे रोकना अत्यंत आवश्यक है, पूर्व में सीएचपी साइट से इसी नीति के कारण कई ठेकदार घर बैठ गए है और जिस रेट में हम काम करते थे, आज उसमें और नई कंपनियों के रेट में जमीन आसमान का अंतर है, इसलिए व्यवस्था जैसी चल रही वैसी ही सुचारू रहनी चाहिए ।

**ओमकेश जायसवाल**
**प्रोपराइटर**
**ओम कंस्ट्रक्शन**

# फाइलों में दफन उम्मीदों को क्या मिलेगा न्याय?

#### साहबों की चौखट पर फरियादियों का रेला

**शहडोल।** प्रशासनिक दावों और हकीकत के बीच की खाई एक बार फिर कलेक्ट्रेट के सोन सभागार और कमिश्नर कार्यालय में देखने को मिली। साप्ताहिक जनसुनवाई के नाम पर अधिकारियों ने शिकायतों की लंबी फेहरिस्त तो थाम ली, लेकिन सवाल वही है कि क्या इन शिकायतों का समाधान केवल निर्देशों तक सीमित रहेगा या धरातल पर बदलाव दिखेगा।

#### भुगतान से लेकर बिजली तक के लिए भटक रही जनता

जिला पंचायत सीईओ शिवम प्रजापति और अपर कलेक्टर सरोधन सिंह की मेज पर शिकायतों



का अंबार लग गया। टेंघा पंचायत के धारिस सिंह अपने पसीने की कमाई (निर्माण कार्य का भुगतान) के लिए दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं। जमुआ के रजनीश यादव आज के डिजिटल युग में भी अंधेरे से मुक्ति (बिजली व्यवस्था) की गुहार लगा रहे हैं। मड़सा की सावित्री प्रजापति ने आंगनवाड़ी भर्ती में धांधली की जांच की मांग कर सिस्टम की पारदर्शिता पर सवाल खड़े किए हैं। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना और गरीबी रेखा में नाम जुड़वाने जैसी बुनियादी जरूरतों के लिए भी गरीब जनता को साहबों के सामने हाथ फैलाना पड़ रहा है।

**संबल और भ्रष्टाचार की गूंज**

संभागायुक्त सुरभि गुप्ता की चौखट पर भी फरियादियों की रूह कंपा देने वाली दास्तां सामने आई। नंदना के शोभनाथ सिंह ने शिक्षा विभाग की पोल खोलते हुए शिकायत की कि कैसे पुराने सरकारी शाला भवन को अनाधिकृत रूप से किराए पर चढ़ा दिया गया है। लीलावती पनिका और रामसुंदर चर्मकार जैसे लाचार लोग संबल योजना और अनुग्रह राशि के लिए सरकारी दफ्तरों की धूल फांक रहे हैं। हमेशा की तरह अधिकारियों ने आवेदन संबंधित विभागों को प्रेषित कर शीघ्र निराकरण के घिसे-पिटे निर्देश थमा दिए हैं, लेकिन जनता पूछ रही है कि जब निचले स्तर के अधिकारी काम नहीं करते, तभी वे जनसुनवाई तक आते हैं, ऐसे में वही काम उन्हीं अधिकारियों को सौंपना कितना तर्कसंगत है। जनसुनवाई में एसडीएम अमृता गर्ग और उपायुक्त मिनिषा पाण्डेय सहित तमाम लाव-लश्कर मौजूद रहा। अब देखना यह है कि ये आवेदन फाइलों का वजन बढ़ाते हैं या वाकई पीड़ित चेहरों पर मुस्कान लाते हैं।

### शंकराचार्य के अपमान पर कौमी एकता ने भरी हुंकार, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**शहडोल।** धर्म और आस्था के केंद्र प्रयागराज माघ मेले में हिंदू धर्मगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद जी और संतों के साथ हुए दुव्र्यवहार ने अब राजनीतिक तूल पकड़ लिया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और कौमी एकता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सच सलूजा के निर्देश पर आज शहडोल में कांग्रेसियों ने एक दिवसीय उपवास रखकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।



#### भाजपा सरकार को बर्खास्त करने की उठी मांग

जिला कांग्रेस अध्यक्ष अजय अवस्थी के मार्गदर्शन और कौमी एकता प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सबी खान बंटी के नेतृत्व में कलेक्टर कार्यालय पहुंचे कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस ने सीधा और तल्ख आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार के इशारे पर पुलिस और प्रशासन ने संतों के साथ मारपीट और अभद्रता की है। ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस ने राष्ट्रपति से मांग की है कि धर्म का चोला ओढऩे वाली उत्तर प्रदेश की वर्तमान सरकार को तत्काल बर्खास्त किया जाए और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो।

#### मैदान में उतरे दिग्गज

विरोध प्रदर्शन के दौरान ब्लॉक अध्यक्ष प्रीतम दास सोनी, पार्षद प्रभात पांडे, नईम खान, अनुज मिश्रा सहित भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। वक्ताओं ने दो टूक कहा कि संतों का अपमान देश बर्दाश्त नहीं करेगा और भाजपा का दोहरा चरित्र अब जनता के सामने आ चुका है। प्रदर्शन में आशीष तिवारी, अर्चना सिंह, मोहसिन खान सहित दर्जनों कार्यकर्ता एकजुट होकर न्याय की मांग करते नजर आए।

**खबर संक्षेप**

### संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन में कलेक्टर ने किया ध्वजारोहण



**उमरिया।** गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के अवसर पर संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर प्रमोद कुमार सेन गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया, एसडीएम बांधवगढ अंबिकेश प्रताप सिंह,एसडीएम पाली मीनांक्षी इंगले,सहित कार्यालय के प्रमुख अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया ध्वजारोहण



जिला पंचायत में जिला पंचायत अध्यक्ष अनुजा पटेल द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभय सिंह, जिला पंचायत सदस्य,जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे ।

### प्रकाश द्विवेदी 'विक्की' को दूसरी बार सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किए जाने पर नगरवासियों ने दी बधाई



**अमरकंटक।** लोकसभा शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह द्वारा नगर परिषद अमरकंटक के लिए प्रकाश द्विवेदी 'विक्की' को दूसरी बार सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किए जाने पर नगर में हर्ष का माहौल है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं नगरवासियों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उल्लेखनीय है कि प्रकाश द्विवेदी 'विक्की' भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के पूर्व मंडल अध्यक्ष रह चुके हैं तथा पूर्व में भी सांसद प्रतिनिधि के रूप में अपनी सक्रिय और प्रभावी भूमिका निभा चुके हैं।

## राष्ट्रीय भावनाओं से ओत प्रोत रहा स्टेडियम

# कलेक्टर ने ध्वजारोहण कर ली परेड की सलामी







**उमरिया गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली तथा मुख्यमंत्री जी का प्रदेश की जनता के नाम भेजे गये संदेश का वाचन किया। तत्पश्चात संयुक्त परेड का निरीक्षण किया गया एवं परेड कमाण्डरों से परिचय प्राप्त किया। परेड निरीक्षण मे पुलिस अधीक्षक विजय कुमार भागवानी,सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, एवं परेड कमाण्डर शरद श्रीवास्तव , टूआईसी राहुल साहू ने साथ दिया।**

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अनुजा पटेल, कलेक्टर की पत्नी श्रीमती सीमा जैन, सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह,अपर कलेक्टर प्रमोद कुमार सेन गुप्ता,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम सत्या , संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया,एसडीएम बांधवगढ अंबिकेश प्रताप सिंह,डिप्टी कलेक्टर प्रत्युष श्रीवास्तव,श्री आसुतोष अग्रवाल, विजय कोल सहित जिला प्रमुख अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। गणतंत्र दिवस के अवसर पर स्कूलों के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। इन प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर शासन के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं तथा उपलब्धियों पर प्रदर्शनी निकाली गई। परेड में विभिन्न टीमों ने भाग लिया। कार्यक्रम का सफल संचालन सुशील मिश्रा एवं स्कूली बच्चों के



व्दारा किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों ने खुशहाली एवं शांति के प्रतीक रंग बिरंगे गुब्बारे खुले आसमान में छोड़े।

### चलित झांकियों में दिखी विकास की झलक

गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा शासकीय योजनाओं एवं उपलब्धियों पर आधारित चलित झांकियो का प्रदर्शन किया गया। चलित झांकी में प्रथम पुरस्कार जन जातीय कार्य विभाग,द्वितीय पुरस्कार जिला पंचायत को तथा तृतीय पुरस्कार स्कूल शिक्षा विभाग को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर स्वास्थ्य,स्कूल शिक्षा, जन जातीय कार्य विभाग,महिला एवं बाल विकास विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग,नगर पालिका परिषद उमरिया, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय,जल संसाधन विभाग,कृषि विभाग,पशु पालन विभाग,एन आर



एल एम, पशु पालन विभाग , उद्यानिकी विभाग,मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा झांकियां प्रदर्शित की गई।

### पीटीएस- जवाहर नवोदय ने बाजी मारी

अमर शहीद स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में आयोजित परेड में विभिन्न टीमों ने परेड में भाग लिया,जिसमें शस्त्रधारी परेड में पीटीएस उमरिया प्रथम, जिला पुलिस बल द्वितीय तथा होमगार्ड तृतीय स्थान पर रही। गैर शस्त्रधारी परेड में एनसीसी जवाहर नवोदय विद्यालय प्रथम,एन सी सी उत्कृष्ट विद्यालय द्वितीय तथा बांधवगढ राष्ट्रीय उद्यान तृतीय स्थान पर रहा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में आईपीएस उमरिया ने प्रथम,आरसी स्कूल उमरिया ने द्वितीय एवं तृतीय स्थान शासकीय सज्जन उत्कृष्ट विद्यालय ने प्राप्त किया। कार्यक्रम



में कन्या उमावि, जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्र छात्राओ व्दारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई, जिसकी सराहना उपस्थित जनों व्दारा की गई।

### शासकीय सेवकों को किया गया सम्मानित

जिला मुख्यालय के स्टेडियम ग्राउण्ड में आयोजित गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में निर्वाचन कार्य निर्विघ्न रूप से संपन्न होने पर कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन का शाल एवं श्रीफल तथा शील्ड से सम्मान किया गया। साथ ही विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों कर्मचारियों, पुलिस अधिकारियों को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही मध्यप्रदेश गायन टीम, प्लाटून कमांडरों को भी सम्मानित किया गया।

### शहीदों के परिवारजनों को किया सम्मानित

गणतंत्र दिवस के अवसर पर शहीद स्व. भूप सिंह रघुवंशी कि पत्नी श्रीमती मोरबती सिंह , शहीद स्व. सतेन्द्र सिंह के पिता वीरेन्द्र सिंह का कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व्दारा शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।

### शासकीय हाई स्कूल लालपुर में हुआ मध्यान्ह भोजन

गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिले भर की स्कूलों में सुरूचि भोज स्कूली बच्चों को कराया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम शासकीय हाई स्कूल लालपुर मे आयोजित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन,सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह सहित अन्य अधिकारियो ने बच्चो के साथ मध्यान्ह भोजन किया । कलेक्टर ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य है,इसलिए आवश्यक है कि बच्चे मन लगाकर पूरी तन्मयता के साथ अध्ययन करें और जहां भी परेशानी आती है,अपने गुरूजनों से संपर्क कर उस समस्या का निराकरण करें । उन्होने कहा कि परीक्षा में अच्छे अंक लाकर ग्राम,जिला एवं प्रदेश का नाम रोशन करें । बच्चे मन लगाकर शिक्षा अर्जित करें एवं शिक्षकों व्दारा बताई जा रही बातों का पालन करेंगे तो निश्चित रूप से ही अपने जीवन के उच्चतम लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे।

# दीवार तोडक़र घर में घुसे चोर

**उमरिया।** कोतवाली थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 14, कैंप इलाके में बेखौफ बदमाशों ने पुलिसिया गश्त और कानून के इकबाल को धता बताते हुए एक सूने मकान में चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोरों ने इस बार किसी चाबी या ताले का इंतजार नहीं किया, बल्कि दीवार तोडक़र घर के भीतर प्रवेश किया और लाखों के जेवरात सहित नकदी पर हाथ साफ कर दिया। यह घटना पुलिस के सूचना तंत्र और सुरक्षा दावों पर एक करारा तमाचा है।



### सर्जिकल स्ट्राइक की तरह दिया वारदात को अंजाम

ऑटोमोबाइल व्यवसायी मोहम्मद जीसान अंसारी का परिवार 25 जनवरी को भरौली स्थित अपने नए मकान गया था। इसी सूनेपन का फायदा उठाते हुए शातिर चोरों ने किसी सर्जिकल स्ट्राइक की तरह घर के पिछले हिस्से की दीवार को ढहा दिया। जब 26 जनवरी की दोपहर पीड़ित परिवार वापस लौटा, तो घर के भीतर का नजारा देख पैरों तले जमीन खिसक गई। कमरों की अलमारियां कबाड़ में तब्दील हो चुकी थीं और कीमती सामान गायब था।

### क्या सुरक्षित है उमरिया?

पीड़ित के अनुसार, चोरों ने करीब 2 लाख रुपये नकद और सोने-चांदी के पुश्तैनी जेवरात पार कर दिए हैं। घटना के बाद पूरे कैंप क्षेत्र में दहशत और भारी आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय निवासियों का सीधा आरोप है कि क्षेत्र में असामाजिक तत्वों और नशेडिय़ों का जमावड़ा बढ़ गया है, जिससे चोरों के हौसले बुलंद हैं। जब शहर के बीचों-बीच दीवारें तोडक़र चोर घर साफ कर रहे हैं, तो आम आदमी खुद को सुरक्षित कैसे समझे। कोतवाली पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध धारा 331(4) और 305(ए) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# चंदिया ओपन कैप बना जंगलराज का अड्डा

### मारपीट के बाद थमे ट्रकों के पहिये, जिले में धान परिवहन ठप

**उमरिया।** मध्यप्रदेश वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स कॉर्पोरेशन का चंदिया स्थित ओपन कैप इन दिनों भ्रष्टाचार और गुंडागर्दी का अखाड़ा बन चुका है। धान चोरी के आरोपों की आड़ में सोमवार रात ट्रक ड्राइवरों के साथ हुई बर्बर मारपीट ने प्रशासन के सुरक्षा दावों की कलई खोल दी है। इस खूनी झड़प के विरोध में आक्रोशित ड्राइवरों ने काम बंद का ऐलान कर दिया है, जिसके बाद जिले की धान परिवहन व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है।

### पेट भरें या जान बचाएं?

जानकारी के मुताबिक, सोमवार की रात असामाजिक तत्वों ने सरेआम एक ट्रक ड्राइवर को अपना निशाना बनाया। ड्राइवरों का आरोप है कि कैप में फैले चोरी के सिंडिकेट की पोल न खुले, इसलिए उन्हें डराने-धमकानी और मारपीट की साजिश रची गई है। वर्तमान में 50 से अधिक ट्रक चंदिया के आसपास सडक़ों पर खड़े हैं।



ड्राइवरों का दो टूक कहना है कि जब तक हमारी सुरक्षा की गारंटी नहीं मिलती और हमलावरों को जेल नहीं भेजा जाता, एक भी ट्रक टस से मस नहीं होगा।

### खाद्य विभाग के हाथ-पांव फूले

परिवहन ठप होने से सरकारी धान की आपूर्ति श्रृंखला टूट चुकी है, जिससे करोड़ों की सरकारी संपत्ति खुले आसमान के नीचे बर्बाद होने की कगार पर है। प्रशासन के लिए चुनौती अब केवल कानून व्यवस्था नहीं, बल्कि उस साख को बचाने की है जो इन गुंडा तत्वों की वजह से दांव पर लगी है।

### इनका कहना है....

एफआईआर दर्ज कर ली गई है और ड्राइवरों को सुरक्षा का आश्वासन दिया जा रहा है।

**जोधन सिंह परस्ते**

### पवित्र नगरी अमरकंटक में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस

**अमरकंटक।** अमरकंटक में 77वां राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस पूरे हर्षोल्लास, उत्साह एवं देशभक्ति के वातावरण में परंपरागत ढंग से मनाया गया। इस अवसर पर स्थानीय पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरकंटक के प्रांगण से विशाल प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी में गणवेश धारण किए छात्र-छात्राएं बैंड की मधुर धुनों के साथ हाथों में तिरंगा लिए देशभक्ति गीत गाते हुए कदमताल करते नजर आए। प्रभात फेरी का नेतृत्व एनसीसी दल द्वारा किया गया। इसमें सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कल्याणिका केंद्रीय शिक्षा निकेतन विद्यालय तथा नगर स्थित कन्या माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राएं शामिल हुए। मां नर्मदा मंदिर प्रांगण के सामने सार्वजनिक स्थल पर नगर परिषद अध्यक्षा श्रीमती पार्वती सिंह उईके ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर सलामी दी। इस अवसर पर छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण, गणमान्य नागरिक, नगर परिषद के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष, पार्षदगण, जनप्रतिनिधि एवं पुलिस बल उपस्थित रहे। एनसीसी छात्राओं द्वारा राष्ट्रगान का सस्वर गायन किया गया। तत्पश्चात राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके पुण्य स्मरण में उनका प्रिय भजन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के दौरान नगर परिषद अध्यक्षा ने प्रेरणादायी उद्बोधन दिया। नगर परिषद के उपाध्यक्ष रज्जू सिंह नेताम ने प्रदेश के मुख्यमंत्री का संदेश वाचन किया, जबकि मुख्य नगर पालिका अधिकारी चैन सिंह परस्ते ने आभार प्रदर्शन किया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर के विभिन्न शासकीय, अर्धशासकीय एवं निजी संस्थानों में भी ध्वजारोहण किया गया। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय अमरकंटक में प्राचार्य आशीष शुक्ला, पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्या अनुजा मिश्रा, कल्याणिका केंद्रीय शिक्षा निकेतन विद्यालय में प्राचार्य कमलेश मिश्रा, पुलिस थाना अमरकंटक में नगर निरीक्षक लाल बहादुर तिवारी, अमरकंटक विकास प्राधिकरण में नायब तहसीलदार ज्ञानदास पानिका, नगर परिषद कार्यालय में मुख्य नगर पालिका अधिकारी चैन सिंह परस्ते द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया।



## पंचायत भवन केल्हौरी में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस समारोह

**चचाई।** ग्राम पंचायत केल्हौरी में गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर ग्राम पंचायत भवन में प्रातः 8:00 बजे ध्वजारोहण सरपंच रामपाल सिंह लहरू द्वारा किया गया तत्पश्चात मिष्ठान वितरण फिर उदबोधन संवाद व विशिष्ट नागरिक रामसुमेर चौरसिया, चेतराम चौरसिया, श्रीमती गीता देवी, केडी सोनी, बालकरण चौधरी को श्रीफल व शाल देकर सम्मानित कर कार्यक्रम सम्पन किया गया। जिसमे सरपंच रामपाल सिंह लहरू, उपसरपंच राम जी सोनी, सचिव संजय सिंह परिहार, पीसिओं राजकिशोर गुप्ता, आरएस गोविन्द यादव, पटवारी पूनम चौधरी, पंच यशोदा सिंह, रामेश्वर सिंह, तुलसी सिंह, सुपरवाइजार भगवत प्रसाद, पूनम सिंह, कृष्णा प्रजापति, आशा कार्यकर्ता अर्चना गुप्ता, मधु यादव, कविता महरा, मोबिलाईजर विद्या कोल, स्वच्छता हितग्राही प्रीतम चौधरी, खेमकरन चौरसिया, चेतराम चौरसिया सहित सैकड़ों लोगों की उपस्थिति मे ध्वजा रोहण कार्यक्रम संपन्न हुआ। उसके उपरांत ग्राम सभा प्रारंभ किया गया



जिसमें विनम्रतापूर्वक संकल्प से समाधान की ओर अभियान के तहत कोई भी हितग्राही अगर मध्य प्रदेश शासन एवं केंद्र शासन की किसी भी योजना की पात्रता रखते हो सभी कार्यालय ग्राम पंचायत भवन केल्हौरी में आवेदन जमा करें वे किसी योजना से वंचित न हो 16 फरवरी के पहले तक सभी विभाग जैसे बिजली विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, पशु विभाग, जल मिशन, प्रधानमंत्री सड़क योजना, खाद्य विभाग सभी विभागों के आवेदन ग्राम पंचायत के माध्यम से ही उन विभागों में पहुंच जाएंगे इसलिए किसी बाहर के कार्यालय में ले जाकर के अपना किसी भी समस्या का समाधान हेतु फोन नबम्बर समग्र आधार के साथ आवेदन पत्र अवश्य प्रस्तुत करने को कहा गया साथ ही 26- 27 की जीपी डीपी कार्य योजना भी बनने जा रही है आस पास आप सभी लोगों को जो भी ऐसे कार्य दिख रहे हैं जो शासन गाईड लाईन अनुसार करने योग्य है तो उन कार्यों को भी जीपीडीपी में ग्राम सभा में जुड़वाने को कहा गया ।

### नगर पालिका पसान में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस



**बदरा/जमुना।** 26 जनवरी को भारत का 77 वां गणतंत्र दिवस पूरे जमुना कोतमा क्षेत्र में देशभक्ति, उत्साह और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। नगर पालिका परिषद पसान से लेकर एसईसीएल जमुना कोतमा क्षेत्र एवं पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल भालूमाड़ा तक संविधान, विकास और राष्ट्र निर्माण के संदेश के साथ विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। अनूपपुर जिले की कोयलांचल नगरी पसान में नगर पालिका परिषद परिसर में गणतंत्र दिवस की 77 वीं वर्षगांठ हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत नगर पालिका अध्यक्ष राम अवध सिंह एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके पश्चात प्रातः 9:30 बजे ध्वजारोहण किया गया तथा राष्ट्रगान का सामूहिक गायन हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का जनता के नाम संदेश वाचन किया गया, जिसमें राज्य सरकार की वर्षभर की प्रमुख उपलब्धियों को रेखांकित किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष राम अवध सिंह ने अपने संबोधन में अपने कार्यकाल के दौरान कराए गए विकास कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने जमुना एवं भालूमाड़ा में मंगल भवन निर्माण, सर्वसुविधायुक्त मॉडल रोड, सभी वार्डों में कराए गए विकास कार्य, मुक्तिधाम निर्माण एवं छठ तालाब घाट निर्माण को ऐतिहासिक उपलब्धियां बताया। अध्यक्ष ने नल-जल योजना के कारण क्षतिग्रस्त सड़कों का मुद्दा भी उठाते हुए बताया कि इस संबंध में कलेक्टर के समक्ष विषय रखा गया है, जिस पर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन मिला है। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष अजय ताराचंद यादव, मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र उर्फ मिंटू सिंह, नगर पालिका अभियंता उमेश त्रिपाठी, अविनाश मरकाम सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। इसके पश्चात स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। अंत में सीएमओ शशांक आरमो द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## कोयलांचल क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस समारोह



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** 77 वां गणतंत्र दिवस समारोह नगर सहित कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्र में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह नगर के हृदय स्थल गांधी चौक में नगर पालिका के द्वारा आयोजित किया गया था। नगर के हृदय स्थल गांधी चौक को खूब सजाया गया था। सुबह से ही नगर में गणतंत्र दिवस मनाने के लिए लोगों में अलग ही उत्साह देखने को मिल रहा था। सुबह से ही नगर में चारों ओर देशभक्ति के गाने गूंज रहे थे। नगर के हृदय स्थल गांधी चौक में नगर पालिका अध्यक्ष अजय सराफ के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। तत्पश्चात मुख्यमंत्री का संदेश वाचन किया गया। नगर पालिका के द्वारा नगर के गौरव एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले तथा छात्र छात्राओं को पुरस्कृत करते हुए प्रमाण पत्र के साथ मैडल प्रदान किया गया। विद्यालय के शिक्षकों को भी उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कृत किया गया। ध्वजारोहण समारोह में नगर के शासकीय अशासकीय विद्यालय के छात्र छात्राएं हाथों में झंडा लिए भारत माता की जय के जयकारों के साथ ध्वजारोहण समारोह में उपस्थित थे। नगर के शासकीय अशासकीय विद्यालय सहित शासकीय कार्यालय में भी ध्वजारोहण किया गया। विद्युत मंडल कार्यालय में भी कनिष्ठ अभियंता लालमनी प्रजापति के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। तत्पश्चात लाइन स्टाफ को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर विद्युत मंडल के कर्मचारी लाइन स्टाफ उपस्थित थे। ध्वजारोहण पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कोयलांचल सहित ग्रामीण क्षेत्र में भी 77 वां गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शासकीय कार्यालय में रोशनी की गई थी। शासकीय विद्यालयों में विशेष भोज का आयोजन भी किया गया था।

## खबर संक्षेप

### घुनघुटी में आन बान शान से लहराया तिरंगा



**घुनघुटी** में गणतंत्र दिवस के अवसर पर कई जगह लहराया तिरंगा घुनघुटी पंचायत में सरपंच श्रीमती शिरतिया बा ई के द्वारा ध्वजारोहण किया गया वहीं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण किया गया मिडिल स्कूल में अशोक नायक मंडल अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण किया गया वहीं घुनघुटी पुलिस चौकी में चौकी प्रभारी के द्वारा ध्वजारोहण किया गया रेल्वे स्टेशन में स्टेशन मास्टर द्वारा ध्वजारोहण किया गया एवं हाई सेकेंडरी स्कूल में गांव के सरपंच द्वारा ध्वजारोहण किया गया इस अवसर पर कई रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए व कार्यक्रम के बाद बच्चों को पुरस्कार वितरित किए गए।

### सोनवेली पब्लिक स्कूल में किया गया ध्वजारोहण घुनघुटी में सोनवेली पब्लिक स्कूल में भी किया गया ध्वजारोहण

**अमलाई।** ओरिएंट पेपर मिल्स परिसर में गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं कंपनी के मुख्य संचालन अधिकारी सीएस काशीकर ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी। इसके पश्चात कर्मचारियों एवं सुरक्षा बलों द्वारा मार्च-पास्ट किया गया।समारोह में ओपीएम शिक्षण केंद्र के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी। पारंपरिक नृत्य, देशभक्ति गीतों और नाट्य मंचन ने उपस्थित लोगों को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को उपहार वितरित किए गए, जिससे उनके चेहरे खुशी से खिल उठे।इस अवसर पर प्रबंधन के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारीगण, सुरक्षा कर्मी तथा बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम ने देशभक्ति और एकता का संदेश दिया।

### ओपीएम में ठेका कर्मियों व सुरक्षा कर्मियों के बीच खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**अमलाई।** ओरिएंट पेपर मिल्स में ठेका कर्मियों एवं सुरक्षा कर्मियों के बीच खेल भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड़, रिले रेस तथा क्रिकेट मैच शामिल रहे।100 मीटर दौड़ एवं रिले रेस में सुरक्षा कर्मियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं क्रिकेट प्रतियोगिता में कॉन्ट्रेक्टर इलेवन ने दमदार खेल दिखाते हुए सिक्योरिटी इलेवन को 117 रनों से पराजित कर जीत दर्ज की।यह आयोजन ओपीएम के मुख्य संचालन अधिकारी सीएस काशीकर के संरक्षण में, एचआर रवि प्रकाश सिंह के मार्गदर्शन तथा कल्याण अधिकारी नागेंद्र यादव के नेतृत्व में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता के अंत में विजेता खिलाड़ियों को सुरक्षा अधिकारी रवि शर्मा द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए।कार्यक्रम में अधिकारियों, कर्मचारियों एवं खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और आयोजन को सफल बनाया।

### हिंदू सम्मेलन में हजारों लोगों ने समरसता भोज में लिया हिस्सा

**चचाई।** जाति भेद भाव को भुलाकर हजारों लोगों ने चचाई बजार (अमरकंटक वाटिका) में आयोजित हिंदू सम्मेलन में सामाजिक समरसता भोज में हिस्सा लिया। हिन्दु सम्मेलन में सामाजिक समरसता भोज में शामिल होने वालों की संख्या इतनी अधिक थी कि आयोजकों को देर रात तक भोजन निर्माण वितरण करने का कार्य किया गया। उल्लेखनीय है कि 25 जनवरी रविवार को हिंदू सम्मेलन का आयोजन सकल हिंदू समाज आयोजन समिति के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सुन्दरकाण्ड के साथ प्रारंभ होकर हिंदू सम्मेलन में शामिल लोगों ने जय श्री राम, भारत माता की जय एवं वंदे मातरम का उदघोष लगाते हुए बाहर से आए हुए अतिथियों, विद्वानों मातृ शक्ति, का स्वागत भैया बहनों ने स्वागत गीत से एवं आयोजक समिति के कार्यकर्ताओं द्वारा अंग वस्त्र प्रदान कर किया गया।

## सोहागपुर एरिया में आन-बान-शान से लहराया तिरंगा, सभी यूनिटों में 77वां गणतंत्र दिवस मनाया गया


# सुरक्षा के साथ वार्षिक कोयला टारगेट पूर्ण करने का संकल्प

धनपुरी।

एसईसीएल सोहागपुर एरिया में 77वां गणतंत्र दिवस पूरे गौरव, अनुशासन और देशभक्ति के वातावरण में आन-बान-शान के साथ मनाया गया। सोहागपुर एरिया कार्यालय सहित क्षेत्र की सभी माइंस के यूनिटों में एक साथ तिरंगा फहराया गया। मुख्य समारोह में महाप्रबंधक बी.के. जेना ने अधिकारियों, कर्मचारियों, श्रमिक संगठनों के पदाधिकारियों एवं श्रमवीरों की गरिमामयी उपस्थिति में ध्वजारोहण कर सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं।सीएमडी का संदेश यूनिटों में वाचन कियागणतंत्र दिवस के अवसर पर एसईसीएल के सीएमडी का संदेश सोहागपुर एरिया की प्रत्येक यूनिट में विधिवत वाचन कर पढ़कर सुनाया गया। संदेश में सीएमडी महोदय ने कहा कि सुरक्षा सर्वोपरि है और उसी के साथ वार्षिक कोयला उत्पादन लक्ष्य को पूर्ण करना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।उन्होंने श्रमिकों के परिश्रम की सराहना करते हुए शून्य दुर्घटना, तकनीकी नवाचार, अनुशासित कार्य संस्कृति और समयबद्ध लक्ष्य पूर्ति पर विशेष जोर दिया।सुरक्षा के साथ उत्पादन ही प्राथमिकता : जीएम बी.के. जेनामुख्य समारोह को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक बी.के. जेना ने कहा कि सोहागपुर एरिया में सुरक्षा के साथ कोयला उत्पादन बढ़ाना सर्वोच्च लक्ष्य है।उन्होंने बताया कि दामिनी माइंस में शीघ्र ही सीएम मशीन स्थापित की जाएगी, जिससे उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी। उन्होंने विश्वास जताया कि सोहागपुर एरिया इस वर्ष वार्षिक कोयला टारगेट को पूर्ण करने में सफल रहेगा और एरिया को लाभ की दिशा में अग्रसर किया जाएगा।रामपुर बटुरा ओसीएम : सुरक्षा शील्ड से बढ़ा श्रमवीरों का हौसला रामपुर बटुरा ओसीएम में उपक्षेत्रीय प्रबंधक संदीप शर्मा द्वारा नए कार्यालय के समक्ष ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर खान सुरक्षा पखवाड़ा में प्राप्त दो सुरक्षा शील्ड श्रमवीरों को प्रदर्शित कर उनके योगदान को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में बूंदी वितरित कर मुंह मीठा कराया गया।अमलाई ओसीएम : सीएमडी संदेश का वाचन, ओवी उत्खनन का कार्य जारी है अमलाई ओसीएम में उपक्षेत्रीय प्रबंधक पी. रवन्ना एवं खान प्रबंधक अल्बर्ट प्रयास की उपस्थिति में ध्वजारोहण हुआ। यहां RKTC कंपनी द्वारा अमलाई ओसीएम मैगजीन के समीप ओबी (मिट्टी) कार्य जारी है। इस अवसर पर भी सीएमडी का संदेश वाचन कर पढ़ाया गया।राजेन्द्रा-खैरहा भूमिगत माइंस अनुशासन और परंपरा का संगम राजेन्द्रा-खैरहा भूमिगत माइंस में अलग-अलग स्थलों पर गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित किए गए। उपक्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय में उपक्षेत्रीय प्रबंधक बी. हरि बाबू, राजेन्द्रा माइंस



में खान प्रबंधक बी. बालाकृष्णा तथा खैरहा माइंस में खान प्रबंधक मंसाराम मंडरी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। उपक्षेत्र प्रबंधन में कहा कि हम श्रमवीरों की सुरक्षा नियमों के पालन करते हुए पहले खैरहा भूमिगत माइंस का टरगेट पूर्ण करेंगे और उसके बाद राजेंद्रा भूमिगत माइंस का भी टारगेट पूर्ण करने का प्रयास किया जा रहा है। बंगवार व दामिनी माइंस : शून्य दुर्घटना का लक्ष्य दोहरायाबंगवार माइंस में उपक्षेत्रीय प्रबंधक संजय सिंह ने ध्वजारोहण करते हुए बताया कि वर्ष 2024-25 में श्रमिकों की मेहनत से शून्य दुर्घटना के साथ कोयला लक्ष्य प्राप्त किया गया।उन्होंने कहा कि इस वर्ष भी बंगवार व दामिनी माइंस सहित हम सुरक्षा के साथ टारगेट पूर्ण करने का संकल्प लिया गया है।इस अवसर पर खान प्रबंधक डी.आर. कुर्रे एवं दामिनी माइंस के खान प्रबंधक राजेश खमरिया ने भी श्रमवीरों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं।शारदा ओसीएम शारदा ओसीएम में कार्यालय परिसर के समक्ष उपक्षेत्रीय प्रबंधक द्वारा ध्वजारोहण किया गया। उन्होंने सभी को सुरक्षा के साथ कोयला उत्पादन लक्ष्य पूरा करने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में मिठाई वितरण कर राष्ट्रीय पर्व की खुशियां साझा की गईं।उपस्थितिकार्यक्रमों में जीएम ऑपरेशन मनीष श्रीवास्तव, एरिया कार्मिक प्रबंधक, जेसीसी सदस्य, श्रमिक संगठनों के पदाधिकारी, अधिकारी-कर्मचारी तथा पत्रकार राजू अग्रवाल, लक्ष्मन सोनी, मोहम्मद सफीक, मुरलीधर त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में श्रमवीर मौजूद रहे।





### धनपुरी में शान से फहराया तिरंगा, 77वें गणतंत्र दिवस पर नगर में दिखा देशभक्ति का उत्साह, स्वामी विवेकानंद रंगमंच में मुख्य समारोह

**धनपुरी।** 26 जनवरी को 77वां गणतंत्र दिवस नगर में पूरे हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। स्वामी विवेकानंद रंगमंच में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष रविंद्र कौर छाबड़ा ने ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के पश्चात स्कूली बच्चों द्वारा राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं नागरिकों ने तिरंगे को सलामी दी।स्कूली बच्चों ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रममुख्य समारोह के दौरान विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। देशभक्ति गीत, नृत्य एवं नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से बच्चों ने संविधान, स्वतंत्रता संग्राम और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। बच्चों की प्रस्तुतियों को दर्शकों ने खूब सराहा।प्रभात फेरी से गूंजा नगर, तिरंगे के रंग में रंगे लोगगणतंत्र दिवस के अवसर पर शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा नगर में प्रभात फेरी निकाली गई। हाथों में तिरंगा और देशभक्ति नारों के साथ निकली प्रभात फेरी का नगरवासियों ने जगह-जगह स्वागत किया। प्रभात फेरी के माध्यम से लोगों में देशभक्ति और सामाजिक एकता का संदेश दिया गया।पशु चिकित्सालय व अन्य संस्थानों में ध्वजारोहणनगर के पशु चिकित्सालय परिसर में भी गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित किया गया। यहां होम्योपैथिक पेटिक हॉस्पिटल क्रेडिट सोसाइटी धनपुरी एवं धनपुरी थाना प्रभारी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान कर्मचारियों व उपस्थित नागरिकों ने राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों को निभाने का संकल्प लिया।निजी विद्यालयों में भी मनाया गया गणतंत्र दिवसधनपुरी के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित निजी विद्यालयों में भी गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय परिसरों में ध्वजारोहण के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों व भाषणों के माध्यम से अपनी भावनाएं व्यक्त कीं।श्रमिक यूनियनों ने फहराया तिरंगाएसईसीएल सोहागपुर एरिया की श्रमिक यूनियनों—एचएमएस, बीएमएस, एटक और इंटक—के कार्यालयों में यूनियन अध्यक्षों व सचिवों द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने संविधान की महत्ता, श्रमिक अधिकारों और राष्ट्र निर्माण में श्रमिकों की भूमिका पर प्रकाश डाला।दिनभर बना रहा देशभक्ति का माहौलपूरे नगर में दिनभर देशभक्ति का माहौल बना रहा। लोगों ने एक-दूसरे को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं और संविधान के प्रति आस्था जताई। नगरवासियों, प्रशासन, शिक्षण संस्थानों और सामाजिक संगठनों की सहभागिता से गणतंत्र दिवस समारोह सफल और यादगार रहा।

## केन्द्रीय विद्यालय एस ई सी एल नौरोजाबाद में गणतंत्र दिवस समारोह: केन्द्रीय विद्यालय एस ई सी एल नौरोजाबाद में 77वां गणतंत्र दिवस समारोह मनाया गया






बिरसिहपुर पाली उमरिया

ध्वाजारोहण कार्यक्रम मुख्य अतिथि श्री जॉन सल्डाना, महाप्रबंधक परिचालन, एस ई सी एल जोहिला क्षेत्र नौरोजाबाद द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्री निदानापु आर प्रसाद, क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक जोहिला क्षेत्र एवं श्री सुरेन्द्र बंजारे, क्षेत्रीय वित्त प्रबंधक, जोहिला क्षेत्र नोरोजाबाद रहे। प्राचार्य श्री संतोष कुमार द्विवेदी ने मुख्य अतिथि का विद्यालयी परंपरा के अनुसार पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि महोदय ने अपने उद्बोधन में गणतंत्र दिवस की महत्ता, इतिहास और राष्ट्रप्रेम की भावनाओं से ओत-प्रोत अपने सारगर्भित विचार सभी से साझा किये। संबोधन में राष्ट्र की उपलब्धियों, एकता के महत्व और भारत के भविष्य को आकार देने में युवा पीढ़ी की भूमिका पर जोर दिया गया। विद्यार्थियों द्वारा समूह गीत, समूह नृत्य, भाषण, कविता, देशभक्ति गीत आदि रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। आकर्षक प्रस्तुतियों को देखकर सभी दर्शक मंत्र मुग्ध हो गए। कार्यक्रम का संचालन श्री अभिषेक कुमार सिंह एवं श्रवण कुमार प्रजापति ने एवं धन्यवाद ज्ञापन श्री सुजीत कुमार पाल द्वारा दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त शिक्षकों का अभूतपूर्व योगदान रहा।

### पाली वन विभाग ने किया अनुभूति कार्यक्रम मॉडल विद्यालय के छात्रों को करवाया जंगल का भ्रमण,




उमरिया जिले के वन परिक्षेत्र पाली के बीट बरमटोला के पटपरिहा हार में उप वनमण्डलाधिकारी दिगेंद्र सिंह पटेल,वन परिक्षेत्र अधिकारी सचिन कांत की की उपस्थिति में सामाजिक अनुभूति का आयोजन किया गया। छात्र/छात्राओं को जंगल के प्रति जागरूक करने, जंगल के महत्व और वन्य प्राणियों की जानकारी देने के लिए वन परिक्षेत्र पाली में अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन हुआ। 'मैं भी बाघ' की थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम मे मॉडल विद्यालय के कुल 120 छात्र-छात्राओं को जंगल का भ्रमण करवाया। छात्रों को भ्रमण के दौरान पेड़ों की प्रजातियां, उनके महत्व,वन्य प्राणी और उनके व्यवहार के बारे में बताया गया। मास्टर ट्रेनर वन पाली सुशील बैगा और वन रक्षक वीरेंद्र शर्मा ने छात्रों को भ्रमण के दौरान पेड़ों की प्रजातियां, उनके महत्व, वन्य प्राणी और उनके व्यवहार के बारे में बताया। कार्यक्रम समापन पर वन परिक्षेत्र अधिकारी सचिन कांत ने छात्रों को अपने जीवन मे लक्ष्य बनाकर आगे बढ़ने के लिए टिप्स दिए। यहां दिन भर की गतिविधियों पर आधारित क्विज प्रतियोगिता भी रखी। जिसमें विजेता छात्रों पुरूस्कृत किया गया जंगल भ्रमण पर गए सभी लोगों ने पर्यावरण और जंगल की सुरक्षा करने की शपथ भी ली जिसके बाद सभी छात्र/ छात्राओं को प्रणाम पत्र वितरण किया गया।इस दौरान शांति कोल,देव सिंह वनरक्षक,माखन लाल द्विवेदी बनरक्षक,संजय प्रजापतिबनरक्ष,किशनलाल नंदा,सहित समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



## थाना प्रभारी ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर थाने में किया ध्वजारोहण




**बुढार** ।77 वे गणतंत्र दिवस के पुनीत अवसर पर पुलिस थाने में नगर निरीक्षक विनय सिंह गहरवार ने ध्वजारोहण कर वीर सपूतों के छायाचित्र पर माल्यार्पण पुष्प अर्पित कर झंडा वंदन किया। पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा राष्ट्रीय ध्वज तिरागें को सलामी देकर सामूहिक रूप से राष्ट्रगान किया एवं देश की एकता एवं अखंडता बनाये रखने की शपथ ली। इस अवसर पर बुढार थाने में पदस्थ सभी पुलिस अधिकारियों ने एक दूसरे को राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की। ध्वजारोहण कार्यक्रम में एस आई गोविंद भगत श्रीमती शोभा नामदेव, एएसआई राजेन्द्र तिवारी,गिरीश शुक्ला,राजा बागरी, ग़ुलाम हुसैन,नवीन सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह, प्रधान आरक्षक जगत सिंह सहित महिला पुलिस एवं आरक्षक उपस्थित रहे अनुविभागीय पुलिस कार्यालय में गणतंत्र दिवस कार्यक्रम अनुविभागीय पुलिस कार्यालय में 77 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर अनुविभागीय पुलिस अधिकारी विकास पांडेय ने राष्ट्र धरोहर वीर सपूतों के चरणों में नमन करते हुए उनके छायाचित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए राष्ट्रीय ध्वज तिरागें को सलामी देकर ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर अनुविभागीय पुलिस कार्यालय के समस्त अधिकारी मौजूद रहे।

## बिजली विभाग के विद्यार्थियों ने गणतंत्र दिवस पर्व पर विभिन्न खेल प्रतियोगिता का प्रदर्शन





### खेल प्रतिभा किसी चीज की मोहताज नहीं होती है

शहडोल।

**77 वे गणतंत्र दिवस के अवसर पर समारोह में बच्चों का खेलकूद प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन विद्युत परिवार के द्वारा कराया गया ।**

जिसमें शहडोल वृत्त के 11 वर्ष तक के बच्चों के द्वारा खेलकूद दौड़ कार्यक्रम में सम्मिलित होकर भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गणतंत्र दिवस के बारे में भौतिक ज्ञान अर्जित करना जिससे छात्रों को गणतंत्र दिवस की महत्तता को समझें और सद्भावना बच्चों के मन में बनीं रहें खेल कूद के महत्व एवं खेलकूद से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के बारे में अवगत कराने के,उद्देश्य से यह कार्यक्रम का आयोजन कर बच्चों को घर में टीवी मोबाइल छोड़कर बाहर ग्रांउड में खेलें. इस कार्यक्रम में सभी बच्चों एवं अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया एवं देश के संविधान तथा अपनी कर्तव्य के बारे में जानकारी अपने अभिभावकों से अर्जित की।

सांस्कृतिक कार्यक्रम को विद्युत कार्यालय प्रगाढ़ शहडोल में आयोजित हुआ उपरोक्त कार्यक्रम मुख्य अभियंता प्रमिल मिश्रा के निर्देशन में हुआ जिसमें अधीक्षण अभियंता जेएस नंदा की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया ,कार्यक्रम में कार्यपालन अभियंता उमरिया दिनेश कुमार तिवारी एवं विद्युत विभाग के समस्त अधिकारी कर्मचारी एवं परिवार की अन्य सदस्य भारी संख्या में शामिल रहे। 77 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर विधुत विभाग के स्कूली बच्चों द्वारा देशभक्ति एवं लोक संस्कृति पर आधारित कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। जिसको कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित लोगों के द्वारा सराहा गया।

## मेगा कांटेक्ट नीति के विरोध में संजय गाँधी ताप परियोजना के ठेकेदारों ने सौंपा ज्ञापन, ठेकेदारो के समर्थन में उतरी कांग्रेस

**बिरसिंहपुर पाली।** मध्यप्रदेश पावर जनरेंटिग कंपनी लिमिटेड में शुरू हो रही मेगा कांटेक्ट प्रणाली के विरोध में आज संजय गाँधी ताप परियोजना में एम एस एम ई संस्था में पंजीबद्ध सूक्ष्म एवं लघु ठेकेदारो ने थर्मल पावर के चीफ इंजीनियर को एक ज्ञापन सौंपते हुए मेगा कांटेक्ट प्रणाली का विरोध जताया है,यह आक्रोश एम पी पी जी सी एल के व्दारा किये गये प्रावधानों के विरोध में था।इस प्रक्रिया से संजय गाँधी ताप परियोजना में कार्यरत सैकड़ों लघु,सूक्ष्म ठेकेदारो को निविदा प्रक्रिया से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है, जिससे परियोजना में कार्यरत सैकड़ों ठेकेदारो के सामने रोजी रोटी का संकट पैदा होने जा रहा है,और इसी के परिणामस्वरूप ठेकेदारो में व्यापक तौर पर असंतोष है जिसके विरोध में कांटेक्टर एशोसिएशन संजय गाँधी ताप परियोजना ने मुख्य अभियंता (उत्पादन) संजय गाँधी ताप परियोजना को ज्ञापन सौंप कर इस मेगा कांटेक्ट नीति को बंद कराने की मांग की है। कांटेक्टर एशोसिएशन ने जंयत चौधरी जी केन्द्रीय मंत्री कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार समेत अन्य 27 लोगों को भी पत्र भेंजकर निवेदन किया है कि परियोजना के शुभारंभ से ही हम ठेकेदारो ने परियोजना में कार्य करते हुए अपने परिवार का भरण पोषण का काम करते आ रहें हैं। अभी तक मध्यप्रदेश पावर जनरेंटिग कंपनी के व्दारा अलग अलग निविदा प्रक्रिया का पालन किया जाता रहा है जिससे सबको कार्य का समान



अवसर मिलता रहा है, ठेकेदार को उसकी कार्य क्षमता के अनुरूप कार्य मिलता रहा है, लेकिन मेगा कांटेक्ट नीति से छोटे और मध्यम ठेकेदारो को निविदा प्रक्रिया से ही बाहर कर दिया गया है।कांटेक्टर एशोसिएशन ने विनम्रता पूर्वक बताया है कि किसी भी उद्योग का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक हाथों को रोजगार उपलब्ध कराने की होती है, और इसीलिए परियोजना में एम एस एम ई के तहत ठेकेदारो का पंजीयन किया गया था और उस आधार पर उन्हें निविदाएं प्रदान की जाती रही है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री भी इसी उदेश्य को लेकर काम करते आ रहें हैं। देश में लघु और सूक्ष्म उद्यमियों को आगे बढाने का काम करने की नीति के उलट फेर मध्यप्रदेश पावर जनरेंटिग कंपनी के कतिपय उच्च प्रबंधन ने मेगा कांटेक्ट प्रणाली लागू कर छोटे उद्यमियों को नेस्तनाबूत करने का बीड़ा उठाया जा रहा है। मेगा कांटेक्ट प्रणाली से पूंजी पति और बड़े व्यवसायियों को सीधा लाभ पहुचाने से जहाँ एक ओर छोटे उद्यमियों के जीवन में संकट के बादल छा रहें हैं, वही पर मेगा कांटेक्ट प्रणाली से प्रतिस्पर्धा में कमी आने के कारण परियोजना में अतिरिक्त भार पडने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। संजय गाँधी ताप परियोजना के कांटेक्टर एशोसिएशन ने अपनी जायज मांग को पूरी करने का आग्रह किया है, साथ ही मांग पूरी न होने पर चरण बद्ध आंदोलन छेडने की चेतावनी दी है। उधर काग्रेस ने भी संजय गाँधी ताप परियोजना के लघु एवं छोटे ठेकेदारो की मांग के समर्थन में अपनी आवाज बुलंद करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश पावर जनरेंटिग कंपनी को अपना तुगलकी फरमान शीघ्र वापस लेना चाहिए, काग्रेस हर एक ऐसी नीतियों का विरोध करती है जो आम जनता के विरोध में है। ब्लाक काग्रेस अध्यक्ष रवि मिश्रा ने कहा की भाजपा सरकार शुरू से ही पूंजीपतियों और उद्योग पतियों को लाभ पहुंचाने का काम करती है, मेगा कांटेक्ट प्रणाली उसकी एक झलक है, अगर समय रहते मध्यप्रदेश पावर जनरेंटिग कंपनी इस तुगलकी फरमान को वापस नहीं लेती तो इसके विरोध में राज्य व्यापी आंदोलन छेडा जायेगा।

## खबर संक्षेप

### राजेंद्रग्राम में नाला किनारे मिला नरकंकाल




**अनूपपुर।** राजेन्द्रग्राम थाना क्षेत्र के ग्राम बरबसपुर में उस समय सनसनी मच गई जब खेत के पास एक नर कंकाल को कुछ श्वानों द्वारा नोंचते ग्रामीणों द्वारा देखा गया। बताया जा रहा है कि गांव की एक महिला शौच के लिए खेत की ओर गई थी, तभी उसकी नजर वहां कुत्तों द्वारा कंकाल को नोचे जाने पर पड़ी। भयभीत महिला ने तत्काल गांव के सरपंच को सूचना दी। सूचना पर राजेन्द्रग्राम थाना पुलिस मौके पर पहुंची और क्षेत्र को घेराबंदी कर जांच शुरू की है। प्रारंभिक जांच में कंकाल कुछ दिनों पुराना प्रतीत हो रहा है, हालांकि अब तक उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस आसपास के गांवों में गुमशुदा लोगों की सूची खंगालने में जुटी है और हर मामले की पड़ताल की जा रही है। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। लोग तरह-तरह की आशंकाएं जता रहे हैं। पुलिस ने कंकाल को कब्जे में लेकर फॉरेंसिक जांच की प्रक्रिया शुरू कर दी है, ताकि मौत के कारण और समय का खुलासा हो सके। थाना प्रभारी पीसी कोल ने बताया कि प्रारंभिक रूप में यह कह पाना मुश्किल है कि यह नर कंकाल स्त्री या पुरुष में किसका है। लेकिन घटनास्थल के पास मिले गजरा एवं साड़ी जो जली हालत में है से प्रतीत होता है कि संभव है कि किसी महिला का ही नर कंकाल हो। फॉरेंसिक रिपोर्ट के बाद ही इसकी पुष्टि संभव है। वहीं पुलिस ने बताया कि आज की घटना के संबंध में अब तक किसी प्रकार से कोई परिचित या जानकार महिला/पुरुष गुमशुदगी या इस प्रकार की घटना की आशंका लेकर सामने नहीं आया है। फिलहाल पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर जानकारी जुटा रही है।

### रेलवे स्टेशन बिजुरी पहुंचे महाप्रबंधक, निर्माण की धीमी रफ्तार पर जताई नाराजगी



**अनूपपुर।** अमृत भारत योजना के तहत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे खंड पर कराई जा रहे हैं नवीनीकरण कार्य योजना के जायजा में मंगलवार को महाप्रबंधक तरुण प्रकाश सैलून ट्रेन के साथ बिजुरी रेलवे स्टेशन पहुंचे। जहां लगभग डेढ़ घंटे तक बिजुरी रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत योजना अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया, साथ ही प्रतीक्षालय एवं लगने वाले अन्य कार्यालय का निरीक्षण किया। निर्माण कार्यों की धीमी रफ्तार और विलंबता को देखते हुए उन्होंने नाराजगी जताई साथ ही निर्माण कार्य से जुड़े ठेकेदार और अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। इस दौरान महाप्रबंधक ने दो टूक में अधिकारियों से पूछा कि क्या गारंटी है कि जून माह तक निर्माण पूरा हो जाएंगे? महाप्रबंधक के सवाल पर अधिकारियों ने चुप्पी साध ली। प्रतीक्षालय में गंदगी होने पर नाराजगी जताते हुए सफाई रखने की सख्त हिदायत दी। मीडिया से रूबरू होते हुए उन्होंने कहा कि बिजुरी रेलवे स्टेशन का काम जल्द पूर्ण कर लिए जाएंगे। स्टेशन पर व्यवस्थाओं में और बेहतरी करने की गुंजाइश है। वही बिजुरी नगर वासियों की रीवा-चिरमिरी ट्रेन को रोजाना चलने एवं नागपुर शहडोल ट्रेन का विस्तारीकरण अनूपपुर तक किए जाने की मांग पर महाप्रबंधक ने कहा कि समय एवं कमर्शियल जस्टिफिकेशन देखने के उपरांत ट्रेन को प्रतिदिन चलने पर विचार किया जाएगा। लेकिन महाप्रबंधक के बिजुरी रेलवे स्टेशन पर मौजूदगी के दौरान सैलून में सवार होकर आए अधिकारियों के साथ बिजुरी में पदस्थ अधिकारियों कर्मचारियों में हड़कंप मचा रहा। निरीक्षण में महाप्रबंधक के साथ मंडल रेल प्रबंधक राकेश रंजन, मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक प्रवीण पांडे और बिलासपुर जोन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।


### अवैध गांजा पर कार्यवाही, 1.300 किग्रा गांजा जप्त



**बिजुरी।** मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि दो पहिया वाहन मे दो व्यक्ति मादक पदार्थ गांजा लेकर पथरोडी से तरसीली की तरफ जा रहे है, सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए टीम गठित की जाकर केनापारा बिजुरी के पास घेराबंदी की गयी तथा संदेही वाहन को रोककर तलाशी ली गयी तलाशी मे आरोपी संजय गुप्ता पिता लच्छूराम गुप्ता उम्र 45 वर्ष निवासी पथरौडी थाना कोतमा तथा श्याम सिह गोड पिता स्व. जयकरण सिंह गोड उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम डोगरिया थाना बिजुरी के पास से 1.326 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ जिसे मौके से जप्त किया गया तथा आरोपियों द्वारा अपराध मे प्रयुक्त वाहन को भी विधिवत जप्त किया गया।

# नर्मदा जयंती पर दो दिवसीय धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजनों से अमरकंटक भक्तिमय

# अभिलिप्सा पांडा के भक्ति गीतों की अद्भुत प्रस्तुति से मंत्रमुग्ध हुआ जनसैलाब







## नर्मदा जयंती पर देखने को मिला भक्ति और संस्कृति का अनोखा संगम

### माँ नर्मदा आरती की भव्यता और भक्तिमय माहौल से रोशन हुआ अमरकंटक मंदिर व रामघाट

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

मध्यप्रदेश की जीवनरेखा एवं सलिला मां नर्मदा जी की पावन उद्गम स्थली अमरकंटक में मां नर्मदा जयंती के शुभ अवसर पर अमरकंटक नर्मदा महोत्सव 2026 का भव्य आयोजन किया गया। दो दिवसीय इस महोत्सव में धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और जनसहभागिता का अद्भुत संगम देखने को मिला। महोत्सव के प्रथम दिवस शनिवार को मां नर्मदा मंदिर प्रांगण से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। नर्मदा मंदिर के पुजारियों पंडित नीलू महाराज, पंडित उत्तम द्विवेदी, पंडित उमेश द्विवेदी एवं पंडित रूपेश द्विवेदी द्वारा मां रेवा का विधिवत श्रृंगार कर उन्हें रथ में विराजमान किया गया। ढोल-नगाड़ों, गुदुम व आतिशबाजी के साथ निकली शोभायात्रा नगर भ्रमण करते हुए वैतरणी बस स्टैंड से पुनः मंदिर पहुंची, जहां पूजन-अर्चन के उपरांत 24 घंटे का अखंड नर्मदा संकीर्तन प्रारंभ हुआ। नगर भ्रमण के दौरान संतों एवं श्रद्धालुओं ने मां रेवा की आरती कर पुष्पवर्षा की। मार्ग में श्रद्धालुओं द्वारा लड्डू, जलेबी, गाजर का हलवा, सूजी हलवा, पोहा सहित विभिन्न प्रसादों का वितरण किया गया। द्वितीय दिवस रविवार 25 जनवरी को अमरकंटक श्रद्धा, भक्ति और संस्कृति से सराबोर रहा। प्रातः 11 बजे मां नर्मदा जन्मोत्सव पूजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री तथा अनूपपुर जिला प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार, राज्य कोल विकास प्राधिकरण अध्यक्ष रामलाल रौतेल, कलेक्टर हर्षल पंचोली सपत्नीक, पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अर्चना कुमारी, डिप्टी कलेक्टर सुश्री प्राशी अग्रवाल, एसडीएम पुष्पराजगढ़ वसीम अहमद बट, शहडोल सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह, जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गणेश पाण्डेय, भाजपा जिलाध्यक्ष हीरा सिंह श्याम, पूर्व जिलाध्यक्ष रामदास पुरी, विधायक पुष्पराजगढ़ फुंदेलाल सिंह मार्को, पूर्व विधायक सुदामा सिंह सिंग्राम, नगर परिषद सीएमओ चैन सिंह परस्ते, उपाध्यक्ष रज्जू सिंह नेताम, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक उमेश पाण्डेय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, अन्य जनप्रतिनिधिगण, पत्रकार, अमरकंटक स्थित आश्रमों के साधु-संत, पुजारी, जिले के अन्य अंचलों से पधारे श्रृद्धालु तथा बड़ी संख्या में जन समुदाय उपस्थित थे।

दोपहर 12 बजे मंत्री दिलीप अहिरवार एवं कलेक्टर श्री पंचोली द्वारा कन्या पूजन किया गया। कन्याओं के चरण पखार कर चुनरी ओढ़ाई गई तथा उपहार प्रदान किए गए। इसके पश्चात विशाल नगर भंडारे का शुभारंभ हुआ, जिसे मां नर्मदा प्रकटोत्सव समिति के सदस्यों द्वारा रात्रि 10 बजे तक निरंतर सुचारू रूप से संचालित किया गया। सायंकालीन कार्यक्रमों के अंतर्गत शाम 6:45 बजे मां नर्मदा मंदिर प्रांगण में तथा शाम 7:15 बजे रामघाट अमरकंटक में मां नर्मदा की भव्य महाआरती संपन्न हुई। मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में जिला प्रशासन अनूपपुर एवं श्री नर्मदे हर सेवा न्यास अमरकंटक के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय निर्झरणी महोत्सव में श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूमते नजर आए। रात्रि 8 बजे रामघाट के उत्तर तट पर आयोजित सांस्कृतिक संध्या में "हर हर शंभू शिव महादेवा" फेम प्रसिद्ध गायिका अभिलिप्सा पांडा ने भक्ति गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ देकर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। जिला प्रशासन द्वारा नागरिकों, श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों से इस पावन आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करने की अपील की गई, जिसे जनसमुदाय ने उत्साहपूर्वक स्वीकार किया।

### रामघाट में बजी भक्ति की धुनें, भक्ति में डूबा अमरकंटक का माहौल

नर्मदा जयंती के पावन अवसर पर पवित्र नगरी अमरकंटक स्थित रामघाट परिसर (उत्तर तट) में रविवार की शाम भक्तिगीतों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों का रंग जमा। भक्ति में रंगे इस कार्यक्रम में हर हर शंभू महादेवा की गूंज ने उपस्थित जनसैलाब को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर हर हर शंभू शिव महादेवा फेम मशहूर गायक अभिलिप्सा पांडा ने अपनी मधुर आवाज़ में भक्तिगीतों की अद्भुत प्रस्तुति दी। उन्होंने 'बम बम बोल चले आएंगे त्रिपुरारी', 'महादेवा, महादेवा', 'मेरा भोला', 'शंभू की दीवानी', 'शिव कैलाशो के वासी' और 'शिव स्त्रोतम' जैसे लोकप्रिय गीतों से रामघाट के वातावरण को भक्तिमय बना दिया। गायक की प्रस्तुति में उपस्थित लोग न केवल मंत्रमुग्ध हुए, बल्कि कुछ ने भक्ति की धुन पर अपने पैरों को थिरकने से भी रोक नहीं पाया। अमरकंटक में आयोजित इस सांस्कृतिक आयोजन ने स्थानीय निवासियों और पर्यटकों को न केवल भक्ति में डुबोया, बल्कि नर्मदा नदी के महत्व और उसके पावन स्मारकों के प्रति श्रद्धा और जागरूकता भी बढ़ाई। रामघाट के इस कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने गायक अभिलिप्सा पांडा की सराहना करते हुए इसे यादगार अनुभव भी बताया। कार्यक्रम में हर हर शंभू शिव महादेवा फेम मशहूर गायक अभिलिप्सा पांडा को शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

### राज्यमंत्री और कलेक्टर ने की पूजा-अर्चना

मध्यप्रदेश शासन के वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री एवं अनूपपुर जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार ने नर्मदा जन्मोत्सव के अवसर पर पवित्र नगरी अमरकंटक के मां नर्मदा मंदिर परिसर में तथा रामघाट में सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह एवं कलेक्टर हर्षल पंचोली ने संध्याकालीन विधिवत माँ नर्मदा की महाआरती की। पूजा-अर्चना के दौरान स्वास्तिवाचन, "हर-हर नर्मदे" और नर्मदाष्टकम् के श्लोकों की गूँज पूरे वातावरण में भर गई। पुरोहितों की उपस्थिति में पूर्ण विधि-विधान से आरती सम्पन्न हुई, जिसमें भक्तजन और उपस्थित अधिकारी धर्म, आध्यात्म और आस्था के अद्भुत अनुभव से अभिभूत हुए। नर्मदा की अलौकिक सुंदरता और मंदिर परिसर एवं रामघाट की आकर्षक सजावट ने इस आयोजन को और भी भव्य बनाया। फूलों, रंगोली और विद्युत सज्जा की दूधिया रोशनी से पूरे परिसर और रामघाट पर रात में भी सुबह जैसी जगमगाहट का अनुभव हुआ। पांच अर्चकों द्वारा संपन्न नर्मदा महाआरती ने मंदिर परिसर एवं रामघाट को भक्तिमय माहौल से परिपूर्ण कर दिया। इस भव्य आयोजन में धर्म, आध्यात्म और संस्कृति का अनुपम संगम देखने को मिला, जिसने न केवल स्थानीय लोगों बल्कि आगंतुक श्रद्धालुओं को भी मंत्रमुग्ध कर दिया।

# उत्कृष्ट विद्यालय मैदान में राज्यमंत्री श्री अहिरवार ने फहराया राष्ट्र-ध्वज

## देशभक्ति की भावना के साथ उत्साह से मना 77 वां गणतंत्र दिवस

### परेड और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने लोगों को किया मंत्रमुग्ध





**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** मध्यप्रदेश शासन के वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री तथा अनूपपुर जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार ने कहा कि आज राष्ट्र के जन-गण-मन में देशभक्ति और देश के लिए गर्व का भाव सशक्त हो रहा है। उत्तरोत्तर प्रगति करना हमारी सरकार का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र का कुशलता पूर्वक नेतृत्व करते हुए पूरे विश्व में श्रेष्ठ छवि बनाई है, भारत को पूरी दुनिया में सम्मान की नजर से देखा जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी के विकास के लिए आह्वान किया है। मध्यप्रदेश सरकार संकल्पबद्ध होकर कार्य कर रही है तथा अभ्युदय मध्यप्रदेश के लिए सबको मिलकर कार्य करना होगा। प्रभारी मंत्री श्री अहिरवार ने अनूपपुर जिले के उत्कृष्ट विद्यालय प्रांगण में आयोजित जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। प्रभारी मंत्री श्री अहिरवार ने जिले के नागरिकों को 77 वें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस अपने कार्यों के विश्लेषण और सुखद भविष्य की रणनीति बनाने का एक विशेष अवसर है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के ज्ञान के मंत्र की सिद्धि की दिशा में मध्यप्रदेश सरकार ने चार मिशन युवा शक्ति, गरीब कल्याण, किसान कल्याण और नारी सशक्तिकरण प्रारंभ किए हैं। उन्होंने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि प्रदेश के नागरिक प्रगति के प्रयासों में भागीदारी निभाएंगे और निश्चित ही हमारा प्रदेश राष्ट्र का गौरव बढ़ाने हेतु आगे रहेगा।

**प्रभारी मंत्री ने ली परेड की सलामी-** प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार ने 77 वें पावन राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर अनूपपुर के शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर के प्रांगण में झंडा फहराकर परेड की सलामी ली। पुलिस बैंड ने राष्ट्रगान की धुन बजाई। मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार ने कलेक्टर हर्षल पंचोली तथा पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान व परेड कमान्डर उप निरीक्षक श्रीमती ज्योति दुबे के साथ खुले वाहन में परेड का निरीक्षण किया। तत्पश्चात समारोह के मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार ने मध्यप्रदेश शासन के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नागरिकों के नाम प्रसारित संदेश का वाचन किया तथा मुख्य अतिथि ने शांति के प्रतीक के रूप में तिरंगा गुब्बारों को खुले आसमान में छोड़ा।

**शहीदों के परिजनों तथा लोकतंत्र सेनानियों का किया गया सम्मान-** गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय समारोह में मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश शासन के वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री तथा अनूपपुर जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार ने देश की सेवा में वीर गति को प्राप्त करने वाले शहीदों के परिजनों तथा लोकतंत्र सेनानियों का शॉल-श्रीफल देकर सम्मान किया।

**विभिन्न दलों ने मार्चपास्ट कर राष्ट्रीय ध्वज को दी सलामी**
मुख्य समारोह में विशेष सशस्त्र बल 10 वीं वाहिनी (एस.ए.एफ.), जिला पुलिस बल (पुरुष), जिला पुलिस बल (महिला), जिला होमगार्ड बल, एन.सी.सी. सीनियर शा. तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर, एन.सी.सी. जूनियर शा. उत्कृष्ट उ.मा.वि. अनूपपुर, एनसीसी जूनियर शा. एकलव्य आवासीय विद्यालय अनूपपुर, स्काउट गाईड शा. मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर, स्काउट गाईड शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर, स्काउट गाईड शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, स्काउट गाईड सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर, जूनियर रेडक्रास शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर तथा महिला बाल विकास विभाग के शौर्या दल ने मार्चपास्ट किया और राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। परेड के सशस्त्र दलों ने तीन चरणों में हर्ष फायर किया। पुलिस बैंड ने राष्ट्रगान जन-गण-मन की धुन के साथ अन्य देशभक्ति गीतों की धुनें प्रस्तुत की।

### खांडा में हाथियों ने मारे दो मवेशी, तोडा घर फसलों का किया नुकसान



**अनूपपुर।** तीन हाथियों का समूह द्वारा सोमवार की सुबह खांडा गांव में जंगल के किनारे बसे एक ग्रामीण के दो मवेशी पर हमला कर मृत कर दिया तथा ग्रामीण के घर में तोड़फोड़ कर खेतों में लगी फसलों को आहार बनाया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार थाना, तहसील एवं वन परिक्षेत्र अनूपपुर के ग्राम पंचायत खांड़ा में जंगल के किनारे खेत मे कच्चा घर बना कर रहे खांड़ा निवासी बलराम केवट पिता रामप्यारे केवट के खांड़ा बाध के पास स्थित जंगल के किनारे खेत में घर बनाकर खेती-बाड़ी करते हुए मवेशियों को भी दिन में चराने बाद शाम रात को बांध कर रखते हैं सोमवार की सुबह होते ही तीन हाथियों का समूह जो तीन दिनों से इस क्षेत्र में विचरण कर रहे हैं के द्वारा एक गाभिन गाय एवं एक बैल जो गेरमा से बंधे रहे पर हाथियो ने हमला कर मृत कर दिए वहीं बाकी मवेशी गिरमा तोड़कर जंगल की ओर भाग गए हाथियों के द्वारा बलराम केवट के खेत में बने कच्चे मकान को तोड़फोड़ कर तहस-नहस करते हुए खेतों में लगे फसलों को भी नुकसान पहुंचा है घटना की जानकारी मिलने पर वन विभाग के कर्मचारियों के साथ पशु चिकित्सा डॉक्टर दीक्षित कर्मचारियों के

# 26 जनवरी मेले में जुए का जाल, पुलिस संरक्षण के आरोप
# 100 लगाओ 1000 पाओ के नाम पर खुलेआम लूट



हरिभूमि न्यूज राजेन्द्रग्राम।

जहाँ एक ओर 26 जनवरी का मेला देशभक्ति, उत्सव और खुशियों का प्रतीक माना जाता है, वहीं दूसरी ओर बेनीबारी थाना क्षेत्र में यह मेला आम जनता की जेब काटने का अड्डा बन गया। "100 लगाओ, 1000 पाओ" जैसे खुलेआम जुए के खेल ने पूरे मेले को बदनाम कर दिया। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि यह खेल पुलिस की नाक के नीचे, बल्कि कथित तौर पर संरक्षण में चलता रहा। ग्रामीणों का आरोप है कि जुआ खेलवाने वालों को खुली छूट दी गई और आम जनता को लुटते हुए देखने के बावजूद पुलिस ने आँखें मूँद लीं।

### पुलिस मौजूद, फिर भी जुए का खेल जारी

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जिस स्थान पर "100 लगाओ-1000 पाओ" का खेल चल रहा था, वहीं पर बेनीबारी पुलिस के जवान तैनात थे। न कोई रोक-टोक, न कोई कार्रवाई। यह सवाल खड़ा करता है कि क्या पुलिस की मौजूदगी सिर्फ तमाशा देखने के लिए थी? जब जुआ कानूनन अपराध है, तो फिर पुलिस की चुप्पी किस ओर इशारा करती है? ग्रामीणों का कहना है कि यह सब बिना संरक्षण के संभव ही नहीं।

### सबूत भेजे गए, फिर भी पुलिस मौन

ग्रामीणों ने बताया कि उक्त जुए के खेल की तस्वीरें और लोकेशन थाना प्रभारी बेनीबारी को भेजी गईं। इसके बावजूद न तो मौके पर दबिश दी गई और न ही किसी प्रकार की कार्रवाई हुई। इससे यह संदेह और गहरा हो जाता है कि क्या थाना प्रभारी की मौन सहमति से यह पूरा खेल खेला गया? अगर सबूत मिलने के बाद भी कार्रवाई नहीं होती, तो यह पुलिस की कार्यशैली पर बड़ा सवालिया निशान है।

### दूर-दराज से आए ग्रामीण बने शिकार

26 जनवरी मेला देखने के लिए दूर-दराज के ग्रामीण परिवारों के साथ पहुंचे, लेकिन सटोरियों ने इस भीड़ को आसान शिकार समझा। मेहनत की कमाई, बच्चों के लिए लाए गए पैसे, सब कुछ जुए के इस फरेब में लुट गया। ग्रामीणों का कहना है कि सटोरियों ने किसी पर भी रहम नहीं किया और पुलिस की चुप्पी ने उनके हौसले और बढ़ा दिए। अब सवाल यह है कि क्या जिम्मेदार अधिकारियों की नींद टूटेगी? या फिर जुएं का यह खेल यूँ ही पुलिस संरक्षण में आम जनता को लूटता रहेगा? जनता जवाब चाहती है, कार्रवाई नहीं हुई तो आक्रोश और भड़केगा।

गणतंत्र दिवस के पावन बेला पर नगर एवं जिला वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
आदिवासी संयुक्त सीनियर बालिका छात्रावास पुष्पराजगढ़ कोहका
अधीक्षिका - गिरजा मार्को
पुष्पराजगढ़, जिला - अनूपपुर (म.प्र.)

गणतंत्र दिवस के पावन बेला पर नगर एवं जिला वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
आदिवासी जूनियर बालिका छात्रावास पुष्पराजगढ़
अधीक्षिका - गोमती ओट्टी
पुष्पराजगढ़, जिला - अनूपपुर (म.प्र.)

गणतंत्र दिवस के पावन बेला पर नगर एवं जिला वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
उत्कृष्ट आदिवासी सीनियर बालिका छात्रावास पुष्पराजगढ़
अधीक्षिका - गिरजा मरावी
पुष्पराजगढ़, जिला - अनूपपुर (म.प्र.)

गणतंत्र दिवस के पावन बेला पर नगर एवं जिला वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
कमला नेहरू जूनियर कन्या छात्रावास पुष्पराजगढ़
अधीक्षिका - ज्योति धुर्वे
पुष्पराजगढ़, जिला - अनूपपुर (म.प्र.)

गणतंत्र दिवस के पावन बेला पर नगर एवं जिला वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
कन्या शिक्षा परिसर जूनियर बालिका छात्रावास पुष्पराजगढ़
अधीक्षिका - कुम्हारिन सिंह
पुष्पराजगढ़, जिला - अनूपपुर (म.प्र.)

गणतंत्र दिवस के पावन बेला पर नगर एवं जिला वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
कन्या शिक्षा परिसर पुष्पराजगढ़
अधीक्षिका - वसंता मरावी
पुष्पराजगढ़, जिला - अनूपपुर (म.प्र.)

गणतंत्र दिवस के पावन बेला पर नगर एवं जिला वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
अनुसूचित जाति सीनियर बालिका छात्रावास पुष्पराजगढ़
अधीक्षिका - ममता मरावी
पुष्पराजगढ़, जिला - अनूपपुर (म.प्र.)

गणतंत्र दिवस के पावन बेला पर नगर एवं जिला वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
आदिवासी उत्कृष्ट बालक छात्रावास लखौरा
अधीक्षक - दलवीर सिंह
पुष्पराजगढ़, जिला - अनूपपुर (म.प्र.)

गणतंत्र दिवस के पावन बेला पर नगर एवं जिला वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
अनुसूचित जाति सीनियर बालक छात्रावास लखौरा
अधीक्षक - नवल चन्द्रवंशी
पुष्पराजगढ़, जिला - अनूपपुर (म.प्र.)